दिन– मंगलवार दिनांक–19/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले आज। भारत–जापान और चीन तथा मलेशिया की टीमें होंगी आमने–सामने।

02. प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए कल से बारह दिसम्बर तक चलेगा विशेष अभियान।

03. पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि तीस नवम्बर तक विस्तारित की।

04. और, वैशाली जिले के महुआ थाना में पदस्थापित एक दारोगा समेत सात पुलिसकर्मी शराब बेचने और पीने के आरोप में गिरफ्तार।

---

राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले आज खेले जायेंगे। पहले सेमीफाइनल में चीन और मलेशिया की टीम आमने–सामने होंगी। यह मैच दोपहर दो बजकर पंद्रह मिनट पर शुरू होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैचे मे भारतीय टीम का मुकाबला जापान से होगा। यह मैच संध्या चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। भारत पंद्रह अंकों के साथ अंक तालिका में सबसे आगे है। राउंड रोबिन लीग मुकाबलों में मेजबान भारत ने सभी पांच मैच जीते हैं। पांचवे और छठे स्थान के लिए कोरिया और थाईलैंड के बीच मैच भी आज ही खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कल खेला जायेगा।

---

प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए कल से विशेष अभियान चलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि यह अभियान बारह दिसम्बर तक चलेगा। इसके तहत जनवितरण प्रणाली की सभी दुकानों पर शिविर लगाकर कार्ड बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभागों से स्वास्थ्य केंद्रों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों को नोटिस जारी कर अग्नि सुरक्षा और तैयारियों में सुधार के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल और अग्निशमन उपकरणों के उपयोग पर सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों को पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया है।

———————————————————————————————

रेलवे ने छठ पूजा के बाद अपने गंतव्य की ओर लौट रहे यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि में विस्तार किया है। विस्तारित कार्यक्रम के तहत अब इन विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन तीस नवंबर तक किया जायेगा। पूर्व–मध्य रेल के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि पटना–नई दिल्ली–पटना स्पेशल ट्रेन अब तीस नवंबर तक चलेगी। वहीं, दानापुर–आनन्द विहार स्पेशल, दरभंगा–आनन्द विहार स्पेशल, सहरसा–आनन्द विहार स्पेशल और सहरसा–अंबाला कैंट स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि का विस्तार अट्ठाईस नवंबर तक दो–दो अतिरिक्त फेरो के लिए किया गया है।

———————————————————————————————

केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे कहा है कि भारत और नेपाल के बीच आयात–निर्यात बढ़ाने के लिए दोनों देशों की सीमा पर लैब का निर्माण किया जाएगा। पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में सीमा शुल्क– निवारण पटना के आयुक्त डॉ. यशोवर्द्धन पाठक के साथ आयोजित बैठक के बाद श्री दूबे ने कहा कि इसके लिए सबसे पहले वाल्मीकिनगर में लैब का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद नेपाल में भी लैब का निर्माण होगा।

———————————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए कुल अठारह उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन पत्रों की जांच आज होगी। नामांकन करने वालों में जदयू से अभिषेक झा, राजद से गोपी किशन और जन सुराज पार्टी से विनायक गौतम प्रमुख हैं। वहीं, पंद्रह निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दावेदारी ठोकी है। इनमें एक निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार रौशन का दो दिन पहले असामयिक निधन हो गया था। इस प्रकार अब चुनाव मैदान में कुल सत्रह प्रत्याशी हैं। यह सीट

देवेशचंद्र ठाकुर के सांसद निर्वाचित होने के कारण रिक्त हुई है। इस सीट के लिए पांच दिसंबर को मतदान होना है। वहीं, नौ दिसम्बर को वोटों की गिनती होगी।

———————————————————————————

वैशाली जिले के महुआ थाना में पदस्थापित एक दारोगा समेत सात पुलिसकर्मियों को जब्त शराब बेचने और पीने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार पुलिसकर्मियों में एक महिला सिपाही भी है। पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि गिरफ्तार पुलिसकर्मी छापेमारी में बरामद शराब में से शराब की कुछ बोतलों को अपने पास चुराकर रख लेते थे। उन्होंने बताया कि इसके सत्यापन के लिए गिरफ्तार पुलिसकर्मियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद की गयी। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

सीबीआई की पटना इकाई ने रेलवे के वरीय प्रशाखा अभियंता विवेक रंजन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार विवेक रंजन ने वास्तविक आय से अधिक की संपत्ति जुटाई है। गौरतलब है कि कल बक्सर पुलिस ने विवेक रंजन के पास से आठ सौ ग्राम सोना बरामद किया था, जिसका बाजार मूल्य छियासठ लाख रुपये से अधिक है।

———————————————————————————

साइबर अपराधियों ने पटना विश्वविद्यालय की एक सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर से तीन करोड़ सात हजार रुपये की ठगी कर ली। साथ ही अपराधियों ने उन्हें सीबीआई अधिकारी बनकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तारी का भय दिखाकर पूछताछ के नाम पर दो दिनों तक घर में डिजिटल अरेस्ट करके रखा। पीड़िता पटना में अकेली रहती हैं। इस संबंध में पटना साइबर थाने में केस दर्ज कराया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना साइबर थाने में दर्ज ठगी का यह अब तक यह सबसे बड़ा मामला है। साइबर थाने में इससे पहले दो करोड़ चौरासी लाख रूपये की ठगी का केस दर्ज हुआ था।

———————————————————————————

राज्य में चल रहे जमीन के दस्तावेजों के डिजिटलीकरण का काम इकतीस दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य

सचिव दीपक कुमार सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दस्तावेजों को स्कैन करके ऑनलाइन अपलोड करने का काम युद्ध स्तर पर चलाने का निर्देश दिया।

————————————————————————————

बिहार रेजीमेंटल सेंटर, दानापुर में चल रही टेरिटोरियल आर्मी भर्ती रैली के तहत उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों के लिए बीस और इक्कीस नवंबर को होने वाली रैली स्थगित कर दी गई है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि भर्ती रैली के संबंध में नया कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगा।

————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न स्थानों के तापमान में धीरे–धीरे गिरावट देखी जा रही है। आज सुबह कई स्थानों पर कोहरे और धुंध की स्थिति बनी रही। विभाग के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान सुबह के समय उत्तरी भागों और आस–पास के क्षेत्रों में एक–दो स्थानों पर मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान दृश्यता के स्तर में कमी होने की भी संभावना है। वहीं, इस अवधि में रात्रि के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें पटना के इक्कीस मरीज हैं। वहीं, राजधानी पटना से चिकनगुनिया के भी छह नये मामलों की पुष्टि हुई है।

————————————————————————————

जेईई एडवांस में अब दो हजार तेईस में बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल नहीं हो सकेंगे। आयोजक संस्था आईआईटी कानपुर ने जेईई–एडवांस में शामिल होने के अवसरों की संख्या में बदलाव करते हुए इसे तीन से घटाकर दो कर दिया है।

————————————————————————————

शिक्षा विभाग ने सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों को काउंसलिंग का एक और अवसर दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जिन शिक्षकों की काउंसलिंग किन्हीं कारणों से नहीं हो सकी थी, वे आवंटित जिलों में

इक्कीस नवम्बर से तीस नवम्बर तक काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि सक्षमता परीक्षा पास लगभग अड़तालीस हजार नियोजित शिक्षकों की काउंसलिंग होनी है।

———————————————————————————————

अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सैद्धांतिक विषयों की सेंटअप परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा बाईस नवम्बर तक चलेगी। वहीं, तेईस नवम्बर से प्रायोगिक परीक्षा शुरू होगी।

———————————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी विलंब शुल्क के साथ तेईस नवंबर तक पंजीकरण करवा सकते हैं, जबकि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि पच्चीस नवंबर तक विस्तारित की गयी है।

———————————————————————————————

राजेन्द्र सेतु पर मरम्मत कार्य को देखते हुए आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक इसके सड़क मार्ग से वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस समेत अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों की आवाजाही पूर्व की तरह जारी रहेगी।

———————————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली रेलवे स्टेशन से रेल पुलिस ने एक करोड़ रुपये मूल्य की चार किलो एक सौ अस्सी ग्राम चरस बरामद की है। यह चरस एक बैग में छुपाकर रखी गयी थी। मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

———————————————————————————————

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदास सिंह टोला के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————————————

गया जिले के डुमरिया से पुलिस, एसएसबी और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में दो कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

---

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहोक से पुलिस ने खगड़िया के कुख्यात अपराधी सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

शिवहर जिला बंदोबस्त कार्यालय में कदाचार से संबंधित वीडियो सही पाए जाने के बाद जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने संबंधित कर्मी की सेवा विभाग को वापस कर दी है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – एसटीईटी के नतीजे घोषित। सत्तर दशमलव दो पांच प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण।

**प्रभात खबर** लिखता है – राज्य के आईटी कर्मी समूह स्वास्थ्य बीमा से होंगे कवर।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पच्चीस के बाद ठंड में बढ़ोतरी के आसार। अगले चार दिन सुबह में कोहरा छाया रहेगा।

एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – तिरुमाला बोर्ड का बड़ा फैसला। तिरूपती में दो घंटे में ही दर्शन होंगे, वीआईपी कोटा भी बंद।

**दैनिक जागरण** की खबर है – वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के लिए आज भिड़ेंगे भारत और जापान।

**आज** अखबार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी–ट्वेंटी शिखर सम्मेलन में संबोधन को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य हमारा मंत्र।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – बिहार में पुल ढहने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दिया अंतिम मौका।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. राजगीर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले आज। भारत–जापान और चीन तथा मलेशिया की टीमें होंगी आमने–सामने।

02. प्रदेश में सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए कल से बारह दिसम्बर तक चलेगा विशेष अभियान।

03. पूर्व मध्य रेलवे ने छठ पूजा के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि तीस नवम्बर तक विस्तारित की।

04. और, वैशाली जिले के महुआ थाना में पदस्थापित एक दारोगा समेत सात पुलिसकर्मी शराब बेचने और पीने के आरोप में गिरफ्तार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।